पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———

राज्यपाल ने राजभवन से ऑनलाइन अलीगढ़ के टी. बी. मरीज, आंगनवाड़ी केंद्र व जनपद में जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे अभिनव पहलों की समीक्षा की

———

गर्भवती माताओं के लिए आंगनवाड़ी केन्द्र पर पठनीय सामग्री और पौष्टिक भोजन की व्यवस्था हो

—राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

———

लखनऊ 18 जुलाई 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ राजभवन से जनपद अलीगढ़ के आंगनबाड़ी केंद्रों, टी.बी. उन्मूलन कार्यों व जिला प्रशासन द्वारा विविध अभिनव पहलों की जानकारी ली।

राज्यपाल जी ने जनपद में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के साथ—साथ गर्भवती माताओं हेतु गर्भ संस्कार व्यवस्था व बच्चों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, मध्याह्न भोजन पौधरोपण, सब्जी रोपण आदि को सुनिश्चित किये जाने को कहा। उन्होंने कहा की गर्भवती माताओं के लिए आंगनवाड़ी केन्द्र पर पठनीय सामग्री और पौष्टिक भोजन की व्यवस्था भी की जाए, उन्हें उचित पोषण की जानकारी भी दी जाए।

राज्यपाल जी ने विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं ग्राम विकास के फण्ड का सदुपयोग करने का सुझाव देते हुए कहा कि इस फण्ड से कुपोषण ग्रस्त एवं टी0वी0 ग्रस्त बच्चों को पोषण प्रदान कर उन्हें स्वस्थ बनाने हेतु सहयोग किया

जाए। जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि जिले के शत्–प्रतिशत् टी0वी0 मरीजों को गोद लेकर स्वस्थ बनाने की दिशा में प्रतिबद्धता से कार्य किया जा रहा है।

जिलाधिकारी द्वारा राज्यपाल जी को अभिनव पहल के अंतर्गत, पुराने भवन का सौन्दर्यीकरण कराकर स्मार्ट आंगनवाड़ी केन्द्रों की स्थापना, वृहद वृक्षारोपण अभियान, आंगनवाड़ी केन्द्रों में शैक्षणिक किट तथा अन्य सामग्री से सुसज्जित कराने, टी0वी0 पेशेन्ट्स को पोषण पोटली वितरण किए जाने तथा जनपद के स्मार्ट गाँव को राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किए जाने जैसे विविध कार्यों की जानकारी दी गई।

राज्यपाल जी ने सौन्दर्यीकृत पाँच आंगनवाड़ी केन्द्रों के संयुक्त भवन को जनपद की स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कस्तूरी देवी के नाम पर किए जाने को कहा। उन्होंने सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों पर किचेन की व्यवस्था हेतु भी कहा।

राज्यपाल ने जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे अभिनव पहलों में विभिन्न प्रतियोगात्मक परीक्षाओं की तैयारी हेतु विद्यार्थियों को एक प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने, स्वच्छ भारत मिशन के तहत कचरा प्रबंधन में किये जा रहे कार्य और वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रमों की प्रशंसा की और इस दिशा में निरंतर कार्य करते रहने को कहा। जिलाधिकारी ने राज्यपाल जी की आनलाइन उपस्थिति में टी. बी. उन्मूलन की दिशा में बेहतर कार्य करने वाले विभिन्न व्यक्तियों व संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किये। उन्होनें आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को आंगनवाड़ी किट व धात्री माताओं एवं टी0वी0 मरीजों को पोषण पोटली का वितरण भी किया।

राज्यपाल जी ने जिला प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे अभिनव पहलों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये दूसरे जनपदों को भी प्रेरित कर सकेंगे।

बैठक में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा श्री पंकज जॉनी तथा जनपद अलीगढ़ से ऑनलाइन जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह व संबंधित अधिकारीगण शामिल हुए।

———————

डॉ0 सीमा गुप्ता/कृष्ण कुमार
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361